# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 25 जुलाई, 1990 ई०

( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार, तिथि 25 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष श्री गुलाम सरवर के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि : 25 जुलाई, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

निधि आवंटित कर देने का विचार रखती है?

---

## ''नहरों की मरम्मत''

2121. श्री शिवाधर पासवानः क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

श्री जगदानन्द सिंह :

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सोन नहर अवर प्रमंडल वासवन में गारा चौबे, रघुनाथपुर, लोकनाथपुर कथराई, पडहुती, उगरी एवं बादुआ शाखा नहरें हैं;

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहरों की स्थिति बहुत ही दयनीय है जिस से जलापूर्ति वांछीत होती है।

(2) नहर बहुत ही पुरानी है। अतः नहर की स्थिति अच्छी नहीं है, लेकिन आवश्यकतानुसार संपोषण मद में उपलब्ध आवंटन से मरम्मति कराकर इन नहरों से सिंचाई दी जाती है। ऊपर वर्णित नहर की स्थिति एवं सोन नदी में जलश्राव में कमी होने की विशेष स्थिति में जलापूर्ति में कठिनाई होती है।

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार खण्ड (1) में वर्णित नहरों की मरम्मति कराने का विचार रखती है। हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

(3) निधि की उपलब्धि के अनुरूप कार्य सम्पन्न कराये जा सकेंगे।

---

## "अनियमितता की जाँच"

**2123. श्री सीताराम सिंह :** क्या मंत्री, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

**प्रभारी मंत्री :**

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत, राजकीय अस्पताल, गुड़हिया के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 1983-84 में प्रारम्भ किया गया;

(1) अस्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में भवन की निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने के फलस्वरूप भवन की छत फट गयी और दीवाल में दरार हो गया है;

(2) अस्वीकारात्मक है।

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में कर्मचारियों

(3) स्वीकारात्मक है।